अपील LR-213/18 सीताराम vs मांगीलाल व अन्य (2018/200213)

तारीख हुक्म	हुक्म व कार्यवाही मय इनिशियल्स जज अपी० अधि० श्री [illegible] दवे	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए ।
14-11-2019	पत्रावली पेश हुई। अपीलार्थी अभिभाषक उपस्थित। पत्रावली आज प्रत्यर्थीगण एवं रेकार्ड की तलबी हेतु नियत है। अपीलार्थी अभिभाषक की ओर से एक प्रार्थना पत्र राजीनामा के आधार पर अपील विड्रो किये जाने का प्रस्तुत किया गया जो शामिल मिसल है। बहस प्रार्थना पत्र सुनी गई। अपीलार्थी अभिभाषक द्वारा प्रार्थना पत्र पर बहस करते हुए कमोबेश प्रार्थना पत्र मे अंकित तथ्यो को ही दोहराते हुए निवेदन किया गया कि प्रस्तुत अपील मे दोनो पक्षकरान के मध्य गांव के बुजुर्ग व्यक्तियो के समझाईस पर आपसी राजीनामा हो गया है। ऐसी स्थिति मे अपीलान्ट अब अपील को आगे नही चलाना चाहता है। अतः प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाकर उक्त प्रकरण को इसी स्तर पर विड्रो किये जाने के आदेश प्रदान किये जावें। पत्रावली का अवलोकन किया गया। विड्रो प्रार्थना पत्र पर अपीलार्थी अभिभाषक की बहस सुने जाने के दौरान राजीनामा प्रार्थना पत्र के साथ प्रस्तुत नहीं किये जाने बाबत जानकारी चाहने पर उनके द्वारा अवगत कराया गया कि पक्षकारान के मध्य मौखिक राजीनामा किया गया है अतएव राजीनामा प्रस्तुत किया जाना संभव नहीं है। अतः अपीलार्थी अभिभाषक द्वारा प्रस्तुत अपील मे राजीनामे के आधार पर विड्रो का प्रार्थना पत्र दिनांकित 14.11.2019 खारिज किया जाता है। इसी दौरान अपीलार्थी अभिभाषक द्वारा अपील को केवल विड्रो के आधार पर निस्तारित करने हेतु निवेदन किया गया। अतः न्यायहित में अपीलार्थी / प्रार्थी अभिभाषक द्वारा विड्रो के आधार पर अपील का निस्तारण करते हुए इसी स्तर पर अपील खारिज की जाती है। पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम हो तथा बाद तकमील दाखिल दफ्तर हो। [signature] संभागीय आयुक्त, अजमेर	Withdraw by Yuvraj (Adv) 14-11-2019

Scanned by CamScanner

Signature Not Verified
Digitally signed by Laxmi Narain Meena
Date: 2019.12.26 11:49:15 IST
Reason: SelfAttested